>

Title: Need to speed up the construction of Dobra Chanti bridge in Tehri Garhwal Parliamentary Constituency in Uttarakhand.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) : मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी, उत्तराखंड की ओर दिलाना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत टिहरी डैम की झील के पास प्रताप नगर, जाखनीधार, धनशाली व उत्तरकाशी के कुछ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों-नागरिकों को सुविधा देने के लिए प्रस्तावित आधुनिक तकनीक पर आधारित एशिया के दूसरे बड़े ""सिंगल स्पान पुल डोबरा चांटी"" पुल के निर्माण के लिए 2006 में प्रथम निविदा जारी की गई थी। प्रस्तावित समय 90 करोड़ की लागत राशि शुरू हुई। लागत के अब लगभग 170 करोड़ होने की संभावना है। टीएचडीसी ने डोबरा चांटी पुल के निर्माण के लिए 2013 तक लगभग 124 करोड़ का भुगतान कंपनी को कर दिया है, किंतु निर्माण स्थल पर पुल का नामोनिशान भी दिखाई नहीं देता है। जिम्मेदार अधिकारियों व अभियंताओं को 6 वर्ष के बाद समझ आता है कि पुल की तकनीकी भूगर्भीय परीक्षण, विदेशों से आधुनिक व परीक्षित तकनीकी आदि लेने की जरूरत है। इन सब पर भी 2.50 करोड़ रूपये व्यय किया गया है फिर भी अभी तक अंतिम निर्णय न होने से निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं हो रही है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए केन्द्र सरकार उक्त प्रभावित क्षेत्र के दो लाख से अधिक लोगों की समस्याओं को देखते हुए पुल निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तथा तब तक स्थानीय लोगों को टिहरी झील को पार करने के लिए 24 घंटे निशुल्क मोटरबोट सुविधा उपलब्ध कराई जाए।